अटल आवासीय विद्यालय समिति

ग्राम बेलहट, तहसील कोरांव, प्रयागराज मण्डल प्रयागराज। ई-मेलः atalavprayagraj@gmail.com

पत्रांक-3300/प्रयाग0-अ0आ0वि0/2026-27 दिनांकः 18/11/2026

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम-बेलहट, तहसील-कोरांव, प्रयागराज में प्रयागराज मण्डल के जनपद-प्रयागराज, फतेहपुर, कौशाम्बी एवं प्रतापगढ़ के उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों तथा कोविड-19 की महामारी के दौरान कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत पात्र बच्चों हेतु शैक्षिक सत्र-2027-28 के लिये **कक्षा-06 में उपलब्ध कुल 140 सीट (70 बालक एवं 70 बालिकाएं) व कक्षा-09 में उपलब्ध कुल 02 सीट (01 बालक एवं 01 बालिका)** पर अटल आवासीय विद्यालय, प्रयागराज में प्रवेश हेतु ऑफलाइन/ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैंः-

कक्षा	मण्डल में सीटों का विवरण (बालक)					मण्डल में सीटों का विवरण (बालिका)					कुल सीट
	कुल	अनारक्षित (सामान्य)	ओ0बी0सी0	एस0सी0	एस0टी0	कुल	अनारक्षित (सामान्य)	ओ0बी0सी0	एस0सी0	एस0टी0	
कक्षा-06	70	37	18	14	01	70	37	18	14	01	140
कक्षा-09	01	01	00	00	00	01	00	00	01	00	02
कुल सीट	71	38	18	14	01	71	37	18	15	01	142

अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन पत्रों का वितरण प्रयागराज मण्डल के सभी जिलों के सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, सभी खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, एवं जनपदीय श्रम कार्यालयों तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय से प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र पूर्ण रुप से भरने के उपरांत इन्ही कार्यालयों में जमा भी किया जा सकता है, साथ ही अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन **upbocw.in** की वेबसाइट के माध्यम से सफलतापूर्वक भर सकता है।

पात्रता

ऐसे नवीनीकृत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे जो पंजीयन के उपरांत दिनांक : 30.10.2026 को कम से कम 03 वर्ष बोर्ड की सदस्यता पूर्ण कर चुके हों। प्रत्येक श्रमिक परिवार के अधिकतम दो बच्चों तक अनुमन्य है तथा कोविड़ के कारण अनाथ बच्चें जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) हेतु पात्र बालक/बालिकाएं जिनकी जन्म तिथि कक्षा-06 में प्रवेश के लिये 01.05.2015 से पहले तथा दिनांकः 31.07.2017 के बाद (जिनमें दोनों तिथियाँ सम्मिलित हैं) तथा कक्षा-09 में प्रवेश के लिये दिनांकः 01.05.2012 से पहले तथा दिनांकः 31.07.2014 (जिनमें दोनों तिथियाँ सम्मिलित हैं), के बाद की नहीं होनी चाहिये।

विशेषताएं

1. सभी आधुनिक सुविधाओं युक्त सह-शैक्षिक आवासीय विद्यालय।
2. सी0बी0एस0ई0 संबद्ध स्कूल।
3. सभी कक्षाओं में डिजिटल बोर्ड /स्मार्ट क्लास।
4. सभी बालक-बालिकाओं के लिए कम्प्यूटर शिक्षा व पुस्तकालय की व्यवस्था।
5. बालक-बालिकाओं के लिए पृथक पृथक छात्रावास।
6. निःशुल्क गुणवत्तापरक शिक्षा, स्टेशनरी, वेशभूषा, भोजन व छात्रावास की व्यवस्था।
7. बालक-बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए खेल एवं अन्य गतिविधियों का प्रोत्साहन।

आवेदन पत्र प्राप्त करने की प्रारंभिक तिथिः-	**20.11.2026**	**दिन (शुक्रवार)**
आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर जमा करने की अंतिम तिथिः-	**05.01.2027**	**दिन (मंगलवार) सायं 5:00 बजे तक**
प्रवेश-पत्र प्राप्त करने की तिथिः-	**25.01.2027**	**दिन (सोमवार)**
प्रवेश परीक्षा की तिथिः-	**31.01.2027**	**दिन (रविवार)**

सम्पर्क सूत्रः- किसी भी सूचना एवं जानकारी के लिए उप श्रम आयुक्त, उ0प्र0 कार्यालय 09 मेयो रोड, प्रयागराज एवं जनपदीय कार्यालय प्रतापगढ़, कौशाम्बी एवं फतेहपुर से एवं अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम-बेलहट, प्रयागराज के निम्नलिखित दूरभाष नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता हैः-

प्रधानाचार्य, अ0आ0वि0-7408455664,
प्रयागराज- 8840326125
प्रतापगढ़- 8573838414

प्रशासनिक अधिकारी, अ0आ0वि0-9602634182, 9621042143
फतेहपुर- 8924806397
कौशाम्बी- 9196410470

(डॉ0 गोपाल कान्त मिश्र)	(डां0 संजय कुमार लाल)	(सुमित कुमार)	(हर्षिका सिंह)
प्रधानाचार्य,	सहायक श्रमायुक्त	उप श्रम आयुक्त उ0प्र0,	मुख्य विकास अधिकारी,
अटल आवासीय विद्यालय,प्रयागराज।	प्रयागराज।	प्रयागराज क्षेत्र प्रयागराज।	प्रयागराज।

SarkariResult.Com